दिन– रविवार                                                                 दिनांक– 03 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                       अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में शिक्षकों के तबादले के लिए सात नवम्बर से आवेदन लिये जायेंगे। आवेदन देने के लिए मिलेगा दो सप्ताह का समय।

02. लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारियां जोरो पर। प्रदेशभर में विभिन्न नदी घाटों को दिया जा रहा है अंतिम रूप।

03. पछुआ हवा के प्रभाव से राज्य के विभिन्न भागों के अधिकतम तापमान में दो से पांच डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की गयी। सुबह और शाम के समय महसूस हो रही है हल्की ठंड।

04. और, पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ आज मनाया जा रहा है भाई दूज और चित्रगुप्त पूजा का त्योहार।

———————————————————————

प्रदेश में शिक्षकों के तबादले के लिए आवेदन सात नवम्बर से लिये जायेंगे। शिक्षा विभाग की ओर से जारी निर्देशानुसार शिक्षकों को आवेदन देने के लिए दो सप्ताह का समय मिलेगा। दिसम्बर के अंतिम सप्ताह के पहले शिक्षकों को नये विद्यालय भी आवंटित कर दिया जायेगा। विभाग के अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ ने कहा है कि नये साल में शिक्षक नये विद्यालय में योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि सारे तबादले नई शिक्षा नीति के अनुसार ही होंगे। महिला शिक्षक पंचायतों का जबकि पुरूष शिक्षक अनुमंडलों का दस–दस विकल्प देंगे। आवेदन की अंतिम तिथि तक शिक्षक अपने विकल्पों में बदलाव कर सकते हैं।

———————————————————————

लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर विभिन्न नदी–घाटों को अंतिम रुप दिया जा रहा है। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि छठ घाटों की साफ–सफाई और घाटों पर प्रकाश व्यवस्था समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन के साथ विभिन्न स्वंयसेवी संस्थाएं और आम लोग भी जुटे हुये हैं। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर गंगा घाटों का निरीक्षण किया। श्री कुमार ने अधिकारियों को छठ पर्व के दौरान सुरक्षा के चाक–चौबंद इंतजाम करने के निर्देश दिये हैं। पटना की आईजी गरिमा मलिक ने बताया कि सुरक्षा को लेकर सभी छठ घाटों पर पुलिस बल की तैनाती की जायेगी और पटना शहर के यातायात व्यवस्था में भी परिवर्तन किया जाएगा। इधर, औरंगाबाद जिले

की सूर्यनगरी देव में लगने वाले विश्व प्रसिद्ध चार दिवसीय छठ मेले की तैयारियां जोरों पर हैं। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि देव छठ मेले के अवसर पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने और सुरक्षा को लेकर विशेष प्रबंध किया गया है।

---बाईट---

---

छठ और अन्य त्यौहारों के अवसर पर रेलवे विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन कर रहा है। लगभग बीस विशेष रेलगाड़ियां राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों के प्रमुख रेलवे स्टेशनों से दरभंगा, रांची, पटना, कटरा, मुजफ्फरपुर, बलिया, कामाख्या और आज़मगढ़ के लिये चलायी जा रही है।

---

समस्तीपुर रेल मंडल में छठ पूजा के बाद यात्रियों के वापसी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पचहत्तर जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने समस्तीपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि भीड़ प्रबंधन के लिए सभी प्रमुख स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाए जा रहे हैं।

---बाइट---

---

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने पेंशनधारियों का डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनवाने के लिए विशेष अभियान की शुरुआत की है। देशभर के आठ सौ शहरों में तीस नवम्बर तक यह अभियान चलेगा।

---

राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों तरारी, इमामगंज, रामगढ़ और बेलागंज में उप चुनाव के लिए तेरह नवम्बर को मतदान होगा। इन सीटों के विधायकों के लोकसभा चुनाव जीतने के बाद उप चुनाव हो रहे हैं। विधानसभा क्षेत्रों की प्रोफाइल की श्रृखंला में प्रस्तुत है  रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र पर हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट--

---रिपोर्ट---

रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। एनडीए की ओर से भाजपा ने पूर्व विधायक अशोक सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। उन्हें पिछले विधानसभा चुनाव में राजद के सुधाकर सिंह से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, इंडिया गठबंधन से राजद के अजीत कुमार सिंह चुनाव मैदान में हैं। अजीत कुमार सिंह राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के पुत्र और सुधाकर सिंह के छोटे भाई हैं। वे हाल ही में जदयू छोड़कर राजद के साथ आए हैं। इधर, जनसुराज पार्टी ने सुशील कुमार कुशवाहा को अपना उम्मीदवार बनाया है। पिछले लोकसभा चुनाव में श्री कुशवाहा ने बक्सर सीट पर बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था और एक लाख से अधिक मत लाए थे। वहीं, बहुजन समाज पार्टी ने दुर्गावती से जिला परिषद सदस्य सतीश यादव को अपना प्रत्याशी बनाया है। वे पूर्व विधायक अंबिका यादव के भतीजे हैं। उप चुनाव में कुल पांच उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के बीच माना जा रहा है। बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में जुटे हुए हैं। यह देखना दिलचस्प होगा की रामगढ़ की जनता किस पर अपना विश्वास जताती है। आकाशवाणी समाचार के लिए कैमूर से श्रीकांत पांडेय।

————————————————————————————————

सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार मुक्त समाज के लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से संचालित सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आज समापन हो रहा है। केंद्रीय सतर्कता आयोग ने इस बार की थीम रखी थी देश के विकास और समृद्धि के लिए एकता की संस्कृति।

————————————————————————————————

उद्योग विभाग के संयुक्त सचिव रवि प्रकाश को नवादा का जिलाधिकारी बनाया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। रवि प्रकाश दो हजार सोलह बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

————————————————————————————————

निर्वाचन आयोग आज भी राज्यभर में सभी मतदान केन्द्रों पर संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर का आयोजन कर रहा है। लोग अपने संबंधित मतदान केंद्रों पर जाकर मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं या संशोधन करा सकते हैं। यह अभियान अट्ठाईस नवंबर तक चलेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच.आर. श्रीनिवास ने बताया कि इस अभियान के तहत तेईस नवंबर और चौबीस नवंबर को भी विशेष शिविर लगाए जायेंगे।

————————————————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव के कारण प्रदेश के विभिन्न भागों में अधिकतम तापमान में गिरावट हुई है। पटना, वैशाली, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, भागलपुर सहित कई जिलों में अधिकतम तापमान में दो से पांच डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की गयी है। सुबह और रात के तापमान में कमी से लोगों को हल्की ठंड महसूस हो रही है। अधिकांश क्षेत्रों में नदियों और जलाशयों के आस–पास आंशिक धुंध की स्थिति बनी हुई है। इधर, मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन दिनों तक सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा और पूर्णिया समेत राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कुछ जगहों पर हल्की बारिश का पूर्वानुमान है।

———बाईट———

————————————————————————————————

भाई दूज और चित्रगुप्त पूजा का त्योहार आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाए जाने वाले पर्व भाई दूज को यम द्वितीया भी कहते हैं। यह दीपावली के दो दिन बाद आने वाला ऐसा पर्व है, जो भाई के प्रति बहन के स्नेह को अभिव्यक्त करता है और बहनें अपने भाई की खुशहाली की कामना करती हैं। इधर, चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर कायस्थ समुदाय के

लोग विधि–विधान से चित्रगुप्त भगवान की पूजा–अर्चना कर रहे हैं। इस मौके पर पटना सहित पूरे प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को चित्रगुप्त पूजा और भाई दूज की बधाई दी है।

———————————————————————

सासाराम के नगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत मोबारकगंज मुहल्ले में पुलिस ने छापेमारी कर नशे का कारोबार करने वाले एक संगठित गिरोह का भांडा फोड़ किया है। छापेमारी में करोड़ों रुपए मूल्य की हेरोइन, बड़ी संख्या में हथियार और कारतूस जब्त की गयी है। पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने बताया कि छापेमारी के दौरान चालीस कमरों वाले घर से गिरोह के सरगना समेत ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

———बाईट———

———————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य में एक सौ तिरेपन नए मामलों की पुष्टि हुई है। पटना में सबसे अधिक सत्तर मामले मिले हैं। वहीं, भोजपुर में पच्चीस, गया में चौदह, जहानाबाद में ग्यारह और पूर्वी चम्पारण में नौ सहित अन्य जिलों से भी डेंगू मरीजों की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार सात हजार चार सौ नवासी लोग डेंगू से पीड़ित हैं। वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर आर.एस. मिश्रा ने कहा कि बुखार होने पर सिर्फ पैरासीटामोल की दवा लेनी चाहिए और चिकित्सक से तत्काल परामर्श लेना चाहिए।

———बाईट———

इधर, पटना में चिकनगुनिया के दस नये मामले की भी पुष्टि हुई है।

———————————————————————

महिला एशियाई हॉकी चौंपियनशिप ट्रॉफी गौरव यात्रा कल रात मुजफ्फरपुर पहुंची। इस अवसर पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और स्थानीय विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने ट्रॉफी का जोरदार स्वागत किया। इससे पहले कल ही, छपरा पहुंचने पर भी गौरव यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– राज्य के सरकारी विद्यालयों में बच्चों के चेहरे से बनेगी हाजिरी। अखबार लिखता है, पहली जनवरी से विद्यार्थी की हाजिरी की यह नई व्यवस्था लागू हो जायेगी।

दैनिक जागरण की खबर है– लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य बनकर पप्पू यादव को धमकाने वाला दिल्ली से गिरफ्ता।

दैनिक भास्कर ने राजद की डाटा लीक की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– बिहार राजद के चार लाख सक्रिय नेताओं का डाटा लीक, जनसुराज पार्टी के मैनेजरों के पास पहुंचा।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. प्रदेश में शिक्षकों के तबादले के लिए सात नवम्बर से आवेदन लिये जायेंगे। आवेदन देने के लिए मिलेगा दो सप्ताह का समय।

02. लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारियां जोरो पर। प्रदेशभर में विभिन्न नदी घाटों को दिया जा रहा है अंतिम रूप।

03. पछुआ हवा के प्रभाव से राज्य के विभिन्न भागों के अधिकतम तापमान में दो से पांच डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की गयी। सुबह और शाम के समय महसूस हो रही है हल्की ठंड।

04. और, पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ आज मनाया जा रहा है भाई दूज और चित्रगुप्त पूजा का त्योहार।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।